

मैंने क्रिकेट को अलविदा कहने का निर्णय ले लिया है। शायद मेरा और क्रिकेट का सफर यहीं तक का था। - अक्षर पटेल

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान, रिटायरमेंट के बारे में बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी

## केविन पीटरसन



इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर केविन पीटरसन ने हाल ही में आईपीएल 2025 के बेहतरीन आयोजन के बाद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर हिन्दी में एक पोस्ट शेयर कर सबका दिल जीत लिया। इस पोस्ट में उन्होंने न सिर्फ आईपीएल से जुड़े लोगों का आभार जताया बल्कि इंडियन आर्मी को भी धन्यवाद कहा, जो उनकी इस पोस्ट का सबसे खास हिस्सा रहा।केविन ने अपनी पोस्ट में लिखा कि, आईपीएल समाप्त होने के साथ ही मैं 2025 के शानदार आयोजन के लिए सभी को बधाई देना चाहता हूं और उनका धन्यवाद करना चाहता हूं।

क्या आप जानते हैं ?... ॐ

# आरसीबी की जीत का जश्न मातम में बदला

## चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 7 लोगों की मौत

बेंगलुरु, 4 जून। आईपीएल 2025 का खिताब जीतने के बाद आरसीबी का जश्न बुधवार को एक दुखद हादसे में बदल गया। दरअसल, बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाली आरसीबी की विक्ट्री परेड से पहले भगदड़ मच गई। स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ के बीच मची भगदड़ में कई लोगों के मौत की खबर सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि, इस भगदड़ में 7 लोगों की मौत हो चुकी है।ये हादसा तब हुआ जब हजारों की भीड़ आरसीबी के 18 साल बाद आईपीएल ट्रॉपी जीतने का जश्न मनाने के लिए स्टेडियम में जाने के लिए उमड़ी थी।बताया जा रहा है कि, जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर और अंदर अचानक भीड़ बेकाबू हो गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। कई लोग कुचले गए और दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस अवसर पर राज्यपाल थावर चंद गहलौत और उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी मौजूद रहे। पुलिस सूत्रों के अनुसार अत्याधिक भीड़ होने के





कारण स्थिति तब नियंत्रण से बाहर हुई। बढ़ती भीड़ के बावजूद स्टेडियम के गेट बंद रहे, जिससे एक प्रवेश द्वार के पास भगदड़ हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भगदड़ के दौरान कई लोग गिर गए और कुचले गए। बहुत अधिक भीड़ होने के कारण स्टेडियम के अंदर और आसपास वाहनों की आवाजाही रुक गई। इस दौरान मेट्रो स्टेशन और आस-पास की सड़कें समर्थकों की भीड़ से पट गयी। यातायात पुलिस को बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बहाल करने के लिए काफी मशक्त करनी पड़ रही थी।

भगदड़ में घायल हुये लोगों को शिवाजीनगर के बॉरिंग और लेडी कर्जन अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि कई पीड़ितों का इलाज चल रहा है, जिनमें से कम से कम दो की हालत गंभीर बनी हुई है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पहुंच गये है।

## ट्रॉफी के साथ रोड शो नहीं होगा, आरसीबी विक्ट्री परेड हुई कैंसिल



बैंगलुरू, 4 जून। 18 साल में पहली बार आरसीबी ने आईपीएल का खिताब जीता है। इसके लिए बेंगलुरु के लोगों को उनके सपोर्ट के लिए विक्टरी परेड के जरिए शुक्रिया अदा करने जा रही है। लेकिन अब बेंगलुरु में विक्टरी परेड नहीं निकलेगी। आरसीबी की विक्टरी परेड को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी आई है। बेंगलुरु में ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए इस परेड को कैंसिल कर दिया गया है। अब टीम सीधे चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंचेगी। आरसीबी चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम पहले ओपन बस के जरिए बेंगलुरु की सड़कों पर अपने फैंस के बीच से होकर चिन्नास्वामी पहुंची थी। आरसीबी की ये परेड विधान सौदा से शुरु होकर चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खत्म होनी थी। लेकिन ट्रैफिक एडवाइजरी के चलते अब इसे कैंसिल कर दिया गया है। इसके साथ ही बेंगलुरु के लोगों के लिए विशेष गाइडलाइंस भी जारी की गई हैं। बेंगलुरु में ऐसा नहीं है कि आरसीबी की जीत का जश्न नहीं मनाया जाएगा। टीम के सभी खिलाड़ी सीधे चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंचेंगे। इस मैदान पर शाम 5 बजे से बेंगलुरु की जीत का जश्न मनाया जाएगा। बेंगलुरु पुलिस ने लोगों से अपील की है कि लिमिटेड पार्किंग के चलते लोग मेट्रो या पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ही इस्तेमाल करें। इसके साथ ही लोगों से कहा गया है कि जब तक ज्यादा जरूरी काम न हो, तब तक आज बुधवार 4 जून को दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे के बीच सीबीडी की तरफ न जाए, क्योंकि लोगों को इस जगह भारी ट्रैफिक मिल सकता है।

## आरसीए बीकानेर जिला सीनियर कॉल्विन शील्ड टीम की ओपन चयन ट्रॉयल आज

### पूर्व रणजी खिलाड़ी यूनुस अली कोर्डिनेटर नियुक्त



जयपुर, 4 जून। राजस्थान क्रिकेट संघ एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी के अनुसार आरसीए के तत्वाधान में आगामी 7 जून से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बीकानेर जिला क्रिकेट संघ टीम के चयन हेतु आरसीए द्वारा ओपन चयन ट्रायल का आयोजन किया जायेगा।

आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा के अनुसार बीकानेर जिला क्रिकेट संघ की टीम के लिए ओपन चयन ट्रॉयल आरसीए पर्यवेक्षक की उपस्तिथि में जिला केन्दो पर आयोजित की जायेगी व टीम का चयन आरसीए द्वारा अधिकृत चयनकर्ता करेंगे।

चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाडियों में से जिला टीम में चुने गए खिलाड़ी ही राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में खेल सकेंगे। आरसीए ने पूर्व रणजी खिलाडी यूनुस अली को बीकानेर जिला कॉल्विन शील्ड क्रिकेट टीम के लिए आरसीए द्वारा आयोजित की जाने वाली ओपन चयन ट्रायल हेतु कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। ट्रायल से सम्बंधित सभी कार्यों, सहयोग व जानकारी हेतु यूनुस अली9413397984पर संपर्क करें।

चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु खिलाडियों को निम्नलिखित मूल दस्तावेज साथ लाना आवश्यक है :-कंप्यूटर जनरेटेड जन्म प्रमाण पत्र (अनिवार्य) बोनाफाइड प्रमाण पत्र (अनिवार्य) पिछले तीन वर्षों की शिक्षा की अंकतालिका (अनिवार्य) आधार कार्ड / वोटर आईडी / ड्राइविंग लाइसेंस / पासपोर्ट। बीकानेर जिला क्रिकेट संघ टीम की ओपन चयन ट्रायलधरणीधर स्टेडियम, बीकानेर,5 जून, सुबह 7 बजे होगी जिसमे चयनकर्ता शैलेन्द्र गहलोत, शमशेर सिंह, पर्यवेक्षक, श्याम सिंह चौहान और आरसीए ने पूर्व रणजी खिलाडी यूनुस अली को बीकानेर जिला कॉल्विन शील्ड क्रिकेट टीम के लिए आरसीए द्वारा आयोजित की जाने वाली ओपन चयन ट्रायल हेतु कोर्डिनेटर नियुक्त किया है।

## आईपीएल में 100 बल्लेबाजों ने जड़े कुल 1294 छक्के

नई दिल्ली, 4 जून। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र में इस बार 100 बल्लेबाजों ने कुल 1294 छक्के जड़े। इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 14 मैचों में 40 छक्के लगाकर शीर्ष पर रहे। पंजाब किंग्स के श्रेयस अय्यर 17 मैचों में 39 छक्के लगाकर दूसरे, मुम्बई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव 16 मैचों में 38 छक्कों के साथ तीसरे और लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श 37 छक्कों के साथ चौथे, पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह 17 मैचों में 30 छक्कों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा ने 14 मैचों की 13 पारियों में 28 छक्के जड़े। राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल इन टूर्नामेंट में इस सत्र में 14 पारियो में 28 छक्के लगाये। वह तालिका में सातवें स्थान पर रहे। राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग ने 14 पारियों में 27 छक्के जड़े। सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने 14 मैचों की 13 पारियों में 25 छक्कों के साथ नौवें स्थान पर तथा पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य 17 मैचों में 25 छक्कों के साथ दसवें स्थान पर रहे। इस बार के आईपीएल में 100 खिलाड़ियों ने 1294 छक्के और 2245 चौके जड़े।

## इंग्लैंड ने एकदिवसीय सीरीज में वेस्टइंडीज का किया सफाया

द ओवल (इंग्लैंड), 4 जून। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जेमी स्मिथ (64), बेन डकेट (58), जो रूट (44) और जॉश बटलर (नाबाद 41) रनों की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा बाधित तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को डीएलएस पद्धित से 62 गेंदें शेष रहते सात विकेट से विकेट से हरा कर तीन मैचों की श्रृंखला भी 3-0 से अपने नाम कर ली है। केनिंगटन ओवल स्टेडियम में मंगलवार देर रात खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने शरफेन रदरफोर्ड (70), गुडाकेश मोती (63) की अर्धशतकीय पारियों और अल्जारी जोसेफ (41), केसी कार्टी (29), ब्रैंडन किंग (16) और जस्टिन ग्रीव्स (12) रनों के योगदान से 40 ओवरों में नौ विकेट पर 251 रनों का स्कोर खड़ा किया। मैच दो बार प्रभावित हुआ।

यातायात जाम की समस्या के कारण वेस्टइंडीज की टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बारिश के कारण 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने तीन विकेट लिये। साकिब महमूद, ब्राइडन कार्स और मैथ्यू पॉट्स को दो-दो विकेट मिले। इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ और बेन डकेट



की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में गुडाकेश मोती ने जेमी स्मिथ 28 गेंदों में (64) रन को बोल्ड कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। इंग्लैंड का दूसरा विकेट बेन डकेट 46 गेंदों में (58) रन के रूप में गिरा। उन्हें 16वें ओवर में रॉस्टन चेज ने लुईस के हाथों कैच आउट कराया। जो रूट (44) का शमारा जोसेफ ने शिकार किया।

## अल्काराज, स्वियातेक और सबालेंका, ग्रॉफ फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में

पेरिस, 4 जून। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गये है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार इगा स्वियातेक, विश्व की नवंबर वन टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और अमेरिका की कोको गॉफ ने भी टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली हैं। स्पेन के दिग्गज अल्काराज ने टॉमी पॉल पर एक घंटा 34 मिनट तक चले मुकाबले में 6-0, 6-1, 6-4 से शानदार जीत दर्ज रोलांड-गैरोस में लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। इटली के टेनिस खिलाड़ी लोरेंजो मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में अमेरिका को टियाफो को 6-2,4-6, 7-5, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुसेटी ने पहली बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को 6-1, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला बेलारुस की आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने चीन की किनवेन झेंग को 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की है।

राजधानी

# ‘जल संरक्षण की दिशा में क्रांतिकारी कदम साबित होगा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान’

### बैठक में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों की समीक्षा की, अभियान को जन-जन का अभियान बनाने का किया आव्हान

**जयपुर,** । राज्य सरकार भूजल स्तर बढ़ाने तथा जल संचयन पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी उद्देश्य के लिए राज्य सरकार ने विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगादशमी के अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान चलाने का ऐतिहासिक एवं भागीरथी फैसला लिया है। अभियान में समाज के सभी वर्गों को जोड़कर सर्वस्पर्शी बनाने का प्रयास किया जाएगा और इस प्रकार जल संरक्षण की दिशा में यह अभियान निर्णायक एवं क्रांतिकारी साबित होगा। यह कहना है जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल का।




प्रेस वार्ता में मीडिया से रूबरू हुए जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल।

जोगाराम पटेल ने यह बात बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को हमारी परम्परा और संस्कृति से जोड़ते हुए वंदे गंगा कलश यात्रा तथा जलाशयों पर पूजन कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। अभियान के तहत जल संचय संरचनाओं का निर्माण, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, परंपरागत जलाशयों का पुनरूद्धार, पर्यावरण व जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित होंगी।

उन्होंने कहा कि जन-जन की भागीदारी से ही अभियान जन आंदोलन का रूप ले सकेगा। अभियान जल संरक्षण के माध्यम से राज्य को जल स्वावलम्बी बनाने के लिए चलाया जा रहा है। इससे व्यापक जन को जोड़ने की आवश्यकता है। यह अभियान में समाज के सभी वर्गों को जोड़कर सर्वस्पर्शी बनाने का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि अभियान के तहत जयपुर के विभिन्न जिलों में स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप भामाशाहों, उद्यिमयों, प्रवासियों एवं खनन से जुड़े व्यक्तियों के सहयोग से कार्य कराए जाएंगे। खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता से वृक्षारोपण करते हुए जिले के समस्त जल स्त्रोतों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समस्त जल स्त्रोतों की आवश्यक मरम्मत करवाने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि जल स्त्रोतों पर अतिक्रमण नहीं हो। अभियान में अधिक से अधिक जन भागीदारी के लिए जन प्रतिनिधियों, धर्म गुरुओं, राजीविका से जुडी महिलाओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जल संरक्षण की अपील करवाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

इस दौरान प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने जयपुर जिला प्रशासन द्वारा संचालित रास्ता खोलो अभियान, सक्षम जयपुर अभियान, नशा मुक्त जयपुर अभियान लाडेसर अभियान के तहत जयपुर जिले में हुई कार्यों की प्रगति से रूबरू करवाया। साथ ही उन्होंने जयपुर जिला प्रशासन के नवाचारों की सराहना की और उन्हें राज्य स्तर पर अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल एवं जिला प्रभारी सचिव श्रेया गुहा ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के पोस्टर, जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण मार्गदर्शिका- 2025, फ्लैगशिप

- **प्रभारी मंत्री ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक**

योजनाएं-2025 एवं जयपुर सतत विकास लक्ष्य सूचकांक-2025 का विमोचन भी किया। इससे पहले प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली। जयपुर जिले की प्रभारी सचिव श्रेया गुहा की मौजूदगी में आयोजित समीक्षा बैठक में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों, बजट घोषणाओं एवं सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जानकारी दी कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज वन विभाग, जल संसाधन एवं अन्य विभागों के 56.49 करोड़ की लागत के 1778 कार्यों का लोकार्पण एवं अवलोकन किया जावेगा। शहरी क्षेत्र में गलता जी तीर्थ, जग्गा की बावडी, खनिया की बावडी एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर श्रमदान, पौधारोपण तथा साफ सफाई का आयोजन किया जावेगा। साथ ही, विभिन्न विभागों के करीब 99 करोड की कुल 1 हजार 949 कार्यों का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया जायेगा। अभियान के तहत 1 हजार 500 राजस्व गांवो में पोधारोपण का कार्य भी किया जावेगा।

प्रभारी मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने अधिकारियों को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने सहित बजट घोषणाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन और फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने के निर्देश दिये।

बैठक में आयुक्त नगर निगम जयपुर रुकमणी रियार, आयुक्त नगर निगम जयपुर हैरिटेज अरुण कुमार हसिजा, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) देवेन्द्र कुमार जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) श्री संतोष मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दूदू) गोपाल परिहार सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने शिरकत की।

## ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन प्रकरणों की सुनवाई खण्डपीठ करेंगी

**जयपुर,** । राजस्थान हाईकोर्ट ने ठााम पंचायतों के पुनर्गठन को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुनवाई के लिए डिवीजन बैंच के सुपुर्द कर दिया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश करौली जिले के राजस्व गांव सिंघनिया और फरकपुर के निवासियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि दोनों राजस्व गांव वर्तमान में ग्राम पंचायत कंचनपुर में आते हैं। अब इन गांवों को ठााम पंचायत कंचनपुर से अलग नई ठााम पंचायत भोजपुर शामिल कर दिया गया है। दोनों राजस्व गांवों के लिए कोई सीधा रास्ता भी नहीं है और उनकी दूरी भी मुख्यालय से करीब बीसकिलोमीटर है।

याचिका में कहा गया कि पंचायती राज विभाग की गत 13 फरवरी के परिपत्र के अनुसार नई

- **हाईकोर्ट न्यायाधीश ने जनसुनवाई में प्रकरण को खण्डपीठ में सुनवायी के योग्य माना**

पंचायत में शामिल होने वाले सभी स्थानों की सीमा मिलना जरूरी है। जबकि प्रकरण में इस परिपत्र की भी अवहेलना हुई है। तहसीलदार और एसडीओ ने कलेक्टर को भेजी अपनी रिपोर्ट में माना है कि नई प्रस्तावित ठााम पंचायत की अधिकांश भूमि वन विभाग के अधीन आती है। ऐसे में यहां जरूरी प्रशासनिक भवनों के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो पाएगी। याचिका सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने प्रकरण को खंडपीठ में सुनवाई योग्य मानकर उसे वहां भेज दिया।

## दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल का कारावास व दो लाख का जुर्माना

**जयपुर,** (कासं)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने और विवाह के बाद उसके पति को मारने की धमकी देकर कई बार संबंध बनाने वाले अभियुक्त श्याम उर्फ साहब सिंह को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

पीठासीन अधिकारी केसी अटवासिया ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने 16 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म कर न केवल उसे मानसिक पीड़ा पहुंचाई, बल्कि इसके चलते वह अवसाद में भी चली गई। अभियुक्त के इस गंभीर कृत्य को लेकर उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीड़िता ने 19 जनवरी, 2022 को चंदवाजी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि जब पीड़िता स्कूल में पढ़ती थी तब स्कूल के रास्ते में ठेला लगाने वाला अभियुक्त उसके साथ छेड़खानी करता था। वहीं बाद में उसकी झूठी अफवाह फैलाने की धमकी देकर बात करने के लिए दबाव डाला। साल 2020 में वह निजी कॉलेज में काम करने लगी।

## एसीएस सावंत की चिठ्ठी के 6 दिन बाद भी एक्सईएन कूकना को रिलीव नहीं कर रहा जेडीए प्रशासन!

**जयपुर।** जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी और अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत के आदेश और ट्रांसफर के 5 माह बाद भी अधिशासी अभियंता दिनेश कूकना जेडीए की कुर्सी पर जमे हुए हैं। उनकी इस मनमर्जी में जलदाय विभाग और जेडीए के अफसर पूरा साथ दे रहे है। यह आरोप इसलिए लग रहे हैं क्योंकि गत 27 मई को अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत ने जयपुर विकास प्राधिकरण कमिश्नर आनंदी को पत्र लिखा और ट्रांसफर आदेशों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए आग्रह किया था।

सावंत ने पत्र में लिखा कि, जेडीए में प्रतिनियुक्ति पर लगे हुए अधिशासी अभियंता दिनेश कूकना का तबादला 15 जनवरी को जलदाय विभाग ने अधिशाषी अभियंता (शहरी एवं एनआरडब्ल्यू) जयपुर के पद पर किया था, लेकिन कूकना ने आज तक वहां पदभार नहीं संभाला है। ठीष्म ऋतु में पेयजल वितरण की सुचारू व्यवस्था के लिए विभागीय आवश्यकताओं के मध्य नजर दिनेश कूकना को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्य ठाहण किए जाने हेतु निर्देशित करने का श्रम करावे। ताज्जुब की बात यह है कि जलदाय महकमें के अतिरिक्त मुख्य सचिव के इस पत्र के 6 दिन बाद भी जयपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन ने दिनेश कूकना को रिलीव नहीं किया। इससे पहले सावंत ने इस 15 मई को जलदाय विभाग के संयुक्त शासन सचिव प्रथम प्रवीण कुमार लेखरा को निर्देश दिए थे कि दिनेश कूकना को तुरंत जलदाय विभाग जॉइन कराया जाए। परंतु इस आदेश के 15 दिन बाद भी न तो दिनेश कूकना ने जेडीए की कुर्सी छोडी और ना ही जलदाय विभाग ने उनके खिलाफ कोई एक्शन लिया। उधर संयुक्त शासन सचिव प्रवीण कुमार लेखरा ने एसीएस के आदेश की पालना करवाने के बजाय इस मामले को इधर उधर टरकाकर लीपापोती की कोशिश की। उन्होंने मुख्य अभियंता और अतिरिक्त सचिव संदीप शर्मा को पत्र लिखकर एसीएस के आदेश की पालना करवाने के लिए कहते हुए मामला टालने की कोशिश की, जिसके जवाब में अब संदीप शर्मा ने वापस लेखरा को पत्र लिख कर कहा है कि, यह कार्रवाई आपके स्तर पर होनी है, मेरे नहीं।